प्रश्न यह है कि अनुपूरक अनुदान की मांग संख्या 49-स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को मुआवजा और समनुदेशन के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष में किये जाने वाले व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को रुपये 8,88,21,000/- (आठ करोड़ अठ्यासी लाख इक्कीस हजार) तक की राशि और प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

मांग स्वीकार की गई।

मांग संख्या 50-ग्रामीण रोजगार

प्रश्न यह है कि अनुपूरक अनुदान की मांग संख्या 50-ग्रामीण रोजगार के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष में किये जाने वाले व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को रुपये 1,000/- (एक हजार) तक की राशि और प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

मांग स्वीकार की गई।

मांग संख्या 51-अनुसूचित जाति के कल्याण हेतु विशिष्ठ संघटक योजना

प्रश्न यह है कि अनुपूरक अनुदान की मांग संख्या 51-अनुसूचित जाति के कल्याण हेतु विशिष्ठ संघटक योजना के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष में किये जाने वाले व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को रुपये 1,20,95,54,000/- (एक अरब बीस करोड़ पचानवे लाख चौवन हजार) तक की राशि और प्रदान की जाय?

(स्वीकृत)

मांग स्वीकार की गई।

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व शोरगुल)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): अध्यक्ष महोदय, आप सर्वोच्च आसन पर बैठे हैं, आज सरकार इतनी +++ हो गई है। (व्यवधान)

डा. रघु शर्मा (केकड़ी): आपसे बड़ा +++ कोई नहीं है इस सदन के अन्दर। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): पूरा राजस्थान जल रहा है, राजस्थान में अराजकता है, और ये मंत्रीगण लूट-खसोट में लगे हुए हैं, अध्यक्ष महोदय। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 का पुर:स्थापन। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): और पूरी भ्रष्टाचार में डूबी सरकार। इस सरकार से जनता का विश्वास उठ गया है, अध्यक्ष महोदय। (व्यवधान)

डा. रघु शर्मा (केकड़ी): आप +++ सिरमौर हो। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): हम मांग करते हैं, वह आत्महत्या करने के लिये क्यों मजबूर हुआ? और किन हालात के अन्दर उस इंस्पेक्टर को जिन्दा जला दिया गया? (व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान।)

विधायी कार्य : विधेयक का पुर:स्थापन

राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011

श्री शांती कुमार धारीवाल (गृह मंत्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान करने के लिए प्रस्ताव करता हूं।

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाए?

(स्वीकृत)

विधेयक को पुर:स्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गई।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): ...(व्यवधान) माननीय अध्यक्ष महोदय, सदन में विचार व्यक्त करने का हमारा अधिकार है। माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने अनुमति दी है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: प्रभारी मंत्री विधेयक को पुर:स्थापित भी करेंगे। (व्यवधान)

श्री शांती कुमार धारीवाल (गृह मंत्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को पुर:स्थापित करता हूं। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: प्रभारी मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को विचारार्थ लिया जाए।

विधेयक पर विचार

श्री शांती कुमार धारीवाल (गृह मंत्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को विचारार्थ लिया जाए।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आज पूरा सवाई माधोपुर बंद है, हजारों लोग सड़कों पर हैं। सवाल पूछने हैं सरकार से ... (व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को विचारार्थ लिया जाए? (व्यवधान)

(स्वीकृत)

विधेयक को विचारार्थ लिया गया। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): उस नौजवान इंस्पेक्टर का क्या कसूर था फूल मोहम्मद का जिसको जिंदा जला दिया गया है। और सत्ता में बैठे ... (व्यवधान) सवाई माधोपुर में ...(व्यवधान)

डा. रघु शर्मा (केकड़ी): आप जैसे +++ लोगों के लिए यहां कोई जगह नहीं है। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: प्रभारी मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि ...(व्यवधान) प्रभारी मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को पारित किया जाए।

विधेयक का पारण

श्री शांती कुमार धारीवाल (गृह मंत्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को पारित किया जाए।

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को पारित किया जाए?

(स्वीकृत)

(श्री अध्यक्ष)

राजस्थान विनियोग (संख्या-1) विधेयक, 2011 को पारित किया गया।

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्री भरत सिंह। विचारार्थ हेतु। (व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आज राजस्थान में जो कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ी हैं, एक हमारा अधिकारी जिंदा जला दिया जाए ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: वह आपसे कम उड़ी हैं, आपने तो कितने लोगों को ...(व्यवधान)

विधेयक पर विचार

राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2011

श्री भरत सिंह कुन्दनपुर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2011 को विचारार्थ लिया जाए।

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): और उसके बाद भी यह निकम्मी सरकार उस पर किसी प्रकार का रिएक्शन नहीं करे, इतनी बड़ी बात हो नहीं सकती। (व्यवधान) उसका हाउस में डिस्कशन नहीं हो ...(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: विधेयक को जनमत जानने हेतु परिचालित करने का संशोधन प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे:-

श्री ओम बिरला। श्री ओम बिरला। (बोलने के लिए खड़े नहीं हुए।) (व्यवधान)

श्री मोहनलाल गुप्ता। श्री मोहनलाल गुप्ता। (बोलने के लिए खड़े नहीं हुए।) (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़। श्री राजेन्द्र राठौड़। (बोलने के लिए खड़े नहीं हुए।) (व्यवधान)

श्री नन्दलाल मीणा। श्री नन्दलाल मीणा। (बोलने के लिए खड़े नहीं हुए।) (व्यवधान)

श्री बंशीधर खण्डेला। श्री बंशीधर खण्डेला। (बोलने के लिए खड़े नहीं हुए।) (व्यवधान)

(श्री अध्यक्ष)

डा. दिगम्बर सिंह। डा. दिगम्बर सिंह। (बोलने के लिए खड़े नहीं हुए।) (व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): ...(व्यवधान) इतनी बड़ी बात पर भी हाउस में डिस्कशन नहीं हो। सारे के सारे राजस्थान में एक तरह से अराजकता का राज हो गया हो और गृह मंत्री अपनी नाकाबिलियत पर बचने के लिए इस तरह से ...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य: 72 गुर्जरों को मार दिया +++। (व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): ...(व्यवधान) अव्यवस्था फैला कर और सारे के सारे कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। (व्यवधान) जिस अभिमान में ये हैं न, आज जिस पद पर +++, इस अभिमान के कारण से राजस्थान की साढ़े छह करोड़ जनता का +++ और जो कितने प्रकार का ... (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2011 को विचारार्थ लिया जाए?

(स्वीकृत)

विधेयक को विचारार्थ लिया गया। (व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): ...(व्यवधान) आज न तो पुलिस सुरक्षित है, आये दिन पुलिस पर हमले हो रहे हैं, पुलिस को जिंदा जलाया जा रहा है, पुलिस को पीटा जा रहा है। पुलिस जो है न आज जलाई जा रही है ... (व्यवधान)... और +++ आज राजस्थान का एक अच्छा अधिकारी आग के हवाले कर दिया गया है लेकिन उसके बाद भी +++ ...(व्यवधान)

खण्डशः विचार

श्री अध्यक्ष: खण्डशः विचार।

खण्ड-2 कोई संशोधन नहीं।

प्रश्न यह है कि खण्ड-2 स्वीकार किया जाए?

(स्वीकृत)

खण्ड-2 स्वीकार किया गया। (व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): ...(व्यवधान) किसी भी प्रकार से राजस्थान की जनता को, कानून व्यवस्था के बारे में अपनी तरफ से आश्वस्त

(श्री गुलाब चन्द कटारिया)

नहीं कर सकता। एक तरह से जनता मर रही है। आज वह राजेश है न ... (व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): माननीय अध्यक्ष महोदय, पंचायती राज पर मेरा संशोधन है। मेरा संशोधन है। माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा संशोधन है पंचायती राज पर। मेरा अधिकार है मांगने का ...(व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): वह आपके आफिसर, आपकी गलती के कारण से, जान गई। (व्यवधान) 25 अक्टूबर के दिन ...(व्यवधान) 25 अक्टूबर के दिन जिस महिला की हत्या की गई थी, उसके कारण से जो अपराधी नहीं पकड़ कर ...(व्यवधान) अपराधी नामजद थे, नामजद अपराधियों को नहीं पकड़ा ...(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: खण्ड-1, अधिनियमन सूत्र, नाम आदि। कोई संशोधन नहीं।

प्रश्न यह है कि खण्ड-1 अधिनियमन सूत्र, नाम आदि स्वीकार किया जाय?

(स्वीकृत)

खण्ड-1 अधिनियमन सूत्र, नाम आदि स्वीकार किया गया। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): माननीय अध्यक्ष महोदय, हमने संशोधन दिए हैं। (व्यवधान) विधायक हैं। हमारे बोलने का अधिकार है। माननीय अध्यक्ष महोदय, पंचायती राज पर हमारा ...(व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): इसके कारण से जनता में आक्रोश था। जनता ने जाकर 15 तारीख को, फिर एक ...(व्यवधान) कलक्टर को और एस.पी. को ज्ञापन देकर अपने ...(व्यवधान) को बताया। यह अपराधी पता है पुलिस को लेकिन अपराधी को बचा रहे हैं आप। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: श्री भरत सिंह, प्रभारी मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2011 को पारित किया जाए। (व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): और उसके कारण से पूर्व घोषणा के अनुसार राजेश उस टंकी पर चढ़ा और सवेरे नौ बजे से लेकर शाम को पांच बजे तक वह उस पर टंकी पर रहने के बाद भी ...(व्यवधान) उसको न तो प्रशासन ने उतारने का प्रयास किया और न ही ...(व्यवधान) इसके कारण से ...(व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): माननीय अध्यक्ष महोदय, आई एम आन ए पाइंट आफ आर्डर (व्यवधान) माननीय अध्यक्ष महोदय, पाइंट आफ आर्डर। (व्यवधान)

विधेयक का पारण

श्री भरत सिंह कुन्दनपुर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2011 को पारित किया जाए।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): व्यवस्था का सवाल है, माननीय अध्यक्ष महोदय। माननीय अध्यक्ष महोदय, पाइंट आफ आर्डर। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2011 को पारित किया जाए?

(स्वीकृत)

राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक, 2011 को पारित किया गया।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): जिस विधेयक को आप पारित करवा रहे हैं, इस पर बोलने का हमें अधिकार है। (व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: आय व्ययक अनुमान वर्ष 2011-12; द्वितीय अवस्था, अनुदान की मांगों पर विचार एवं मतदान। श्री भरत सिंहजी। (व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): आपको चिंता नहीं है, कानून-व्यवस्था की चिंता नहीं है। आपको जवाब देना चाहिए। हमको जवाब देने के लिए आप तैयार नहीं हो। (व्यवधान) जिसके कारण राजस्थान इस हालात में

(श्री गुलाब चन्द कटारिया)

आकर पहुंचा है। कानून व्यवस्था की ऐसी धज्जियां बनाकर, उड़ाकर आप ... (व्यवधान)

यह हमारा दुर्भाग्य है राजस्थान का। एक ऐसा सी.एम. जो अपने आपको गांधी कहलाता है ...(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: श्री भरत सिंह, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनुदान की मांग संख्या-28, 41 एवं 50 विचार एवं मतदान हेतु प्रस्तुत करेंगे।

अनुदान की मांग

मांग संख्या 28-ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम की प्रस्तुति

श्री भरत सिंह कुन्दनपुर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि मांग संख्या 28-ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम के संबंध में 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में किए जाने वाले व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को रुपये 2,13,16,66,000/- (दो अरब तेरह करोड़ सोलह लाख छियासठ हजार) तक की राशि प्रदान की जाए।

(मांग संख्या-28 पर प्राप्त कटौती प्रस्तावों के लिए कृपया परिशिष्ट-2 देखें)

मांग संख्या 41-सामुदायिक विकास की प्रस्तुति

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि मांग संख्या 41-सामुदायिक विकास के संबंध में 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में किए जाने वाले व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को रुपये 24,00,14,87,000/- (चौबीस अरब चौदह लाख सतासी हजार) तक की राशि प्रदान की जाए।

(मांग संख्या-41 पर प्राप्त कटौती प्रस्तावों के लिए कृपया परिशिष्ट-3 देखें)

मांग संख्या 50-ग्रामीण रोजगार की प्रस्तुति

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि मांग संख्या 50-ग्रामीण रोजगार के संबंध में 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में किए जाने वाले व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को रुपये 2,77,01,47,000/- (दो अरब सतहत्तर करोड़ एक लाख सैंतालीस हजार) तक की राशि प्रदान की जाए।

(मांग संख्या-50 पर प्राप्त कटौती प्रस्तावों के लिए कृपया परिशिष्ट-4 देखें)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): आज उस गांधी से पूछो कि आप ...(व्यवधान) क्या हो गया आपको? सांप सूंघ गया क्या? (व्यवधान)

श्रीमती अनिता भदेल (अजमेर दक्षिण): माननीय अध्यक्ष महोदय, सवाई माधोपुर की जनता सड़क पर उतर आई है। लोग आक्रोशित हैं सत्तारूढ़ मंत्री से। (व्यवधान)

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): माननीय अध्यक्ष महोदय, राजस्थान की जो हालत है, ऐसी हालत में राजस्थान का मुख्य मंत्री सदन में आकर नहीं बैठा है। आज यहां तीन दिन से जिस प्रकार से सदन की धज्जियां उड़ रही हैं, यह राजस्थान के मुख्य मंत्री, सदन का नेता का यह दायित्व नहीं बनता है? (व्यवधान) क्या मजाक कर रहे हो? तमाशा बना रहे हो। (व्यवधान) राजस्थान का गृह मंत्री हंसते हुए मजाक करता है। इस राजस्थान की कानून-व्यवस्था की जिस प्रकार की हालत बनाकर रखी है, इसे एक क्षण भी यहां रहने का अधिकार नहीं है। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): (व्यवधान)... डिमांड पास करवा रहे हो?

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर): +++ ...(व्यवधान) याद रखना, गुलाब चन्द कटारिया कह रहा है, ढाई साल बाद +++ इस विधान सभा का मुंह नहीं देख सकेगा। इसे याद रख लेना। +++ हमको कमजोर समझता है। जो जब तक हिफाजत नहीं कर सकता, जो जनता के लिए ईमानदारी से अपना वक्तव्य नहीं दे सकता, जो राजस्थान की पुलिस का मोराल नहीं उठा सकता, जो राजस्थान की पुलिस पर होने वाले ...(व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: पारित करने के लिए कहें।

श्री भरत सिंह कुन्दनपुर (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से प्रस्ताव करता हूं कि मांग संख्या 28-ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम, मांग संख्या 41-सामुदायिक विकास एवं मांग संख्या 50-ग्रामीण रोजगार को पारित किया जाए।

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि मांग संख्या 28-ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम ...(व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): डिविजन। माननीय अध्यक्ष महोदय, डिविजन। (व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि मांग संख्या 28-ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम के संबंध में 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में किए जाने वाले व्यय के निमित्त ...(व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): डिविजन; डिविजन।

श्रीमती अनिता भदेल (अजमेर दक्षिण): डिविजन।

मांग संख्या-28 का पारण

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि मांग संख्या 28-ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम के संबंध में 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में किए जाने वाले व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को रुपये 2,13,16,66,000/- (दो अरब तेरह करोड़ सोलह लाख छियासठ हजार) तक की राशि प्रदान की जाए?

(स्वीकृत)

मांग स्वीकार की गई। (व्यवधान)

श्रीमती अनिता भदेल (अजमेर दक्षिण): We want division. We want division...(व्यवधान)

मांग संख्या-41 का पारण

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि मांग संख्या 41-सामुदायिक विकास के संबंध में 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में किए जाने वाले व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को रुपये 24,00,14,87,000/- (चौबीस अरब चौदह लाख सतासी हजार) तक की राशि प्रदान की जाए?

(स्वीकृत)

मांग स्वीकार की गई।

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्रीमती अनिता भदेल (अजमेर दक्षिण): डिविजन। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): डिविजन। (व्यवधान)...

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि मांग संख्या 50-ग्रामीण रोजगार के संबंध में ...(व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): क्या कर रहे हो, माननीय अध्यक्ष महोदय? We want division. (व्यवधान)

मांग संख्या-50 का पारण

श्री अध्यक्ष: प्रश्न यह है कि मांग संख्या 50-ग्रामीण रोजगार के संबंध में 31 मार्च, 2012 को समाप्त होने वाले वर्ष में किए जाने वाले व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को रुपये 2,77,01,47,000/- (दो अरब सतहत्तर करोड़ एक लाख सैंतालीस हजार) तक की राशि प्रदान की जाए?

(स्वीकृत)

मांग स्वीकार की गई। (व्यवधान)

डा. दिगम्बर सिंह (डीग-कुम्हेर): We want division. माननीय अध्यक्ष महोदय, डिविजन का हमारा अधिकार है।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): We want division. (व्यवधान)

श्रीमती अनिता भदेल (अजमेर दक्षिण): डिविजन। (व्यवधान)

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर): ...(व्यवधान) We want division... (व्यवधान)... हमारा वैधानिक अधिकार है डिविजन मांगने का (व्यवधान)

(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारेबाजी व भारी व्यवधान)

श्री अध्यक्ष: सदन की बैठक मंगलवार, दिनांक 22 मार्च, 2011 के प्रातः 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

(तदनन्तर सदन की बैठक 13.47 बजे मंगलवार, दिनांक 22 मार्च, 2011 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)

परिशिष्ट-1

नियम 295 के तहत प्राप्त विशेष उल्लेख की सूचनाएं जिन्हें पढ़ा हुआ माना गया

सीकर जिले में ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा

राजस्थान विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन संबंधी नियमावली के नियम 295 के अन्तर्गत मैं एक अत्यन्त ही महत्वपूर्ण एवं काश्तकारों के हितों से जुडे मसले की ओर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन करना चाहूंगा कि गत 15 फरवरी एवं उसके पश्चात् भी सीकर जिले में जो भारी ओलावृष्टि हुई, इससे किसानों की फसल बुरी तरह से बरबाद हुई, खड़ी फसल नीचे गिर गई, किसान के पास कोई चारा नहीं बचा है आजीविका का। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार द्वारा जो मुआवजे की घोषणा की गई है वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान ही है। इसके अतिरिक्ति मैं यह भी आग्रह करना चाहूंगा कि छोटे काश्तकारों को ही मुआवजा देने की घोषणा की गई है जबकि बडे काश्तकारों को भी उनकी फसल का बड़ा नुकसान हुआ है, मुआवजा देने में इस प्रकार का भेदभाव उचित नहीं है। अधिक भूमि होने से बड़े किसान का अधिक फसल का खराबा हुआ है जबकि उसको मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

अतएवं प्रक्रिया के नियम 295 के अन्तर्गत इस विशेष उल्लेख के मेरे इस प्रस्ताव के माध्यम से मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि जिला सीकर में जिन काश्तकारों की फसलों का नुकसान हुआ है, उन समस्त छोटे-बड़े काश्तकारों को पर्याप्त मुआवजा उपलब्ध कराने की घोषणा की जाये, बिजली के किसानों के बिल माफ किये जायें तथा ऋणों के चुकारा करने की अवधि एवं ब्याज में भी छूट प्रदान की जाये ताकि प्रकृति की मार से आहत किसानों के घावों पर मरहम लगाई जा सके।

बंशीधर खण्डेला

(खण्डेला)

नदबई (भरतपुर) की उप-तहसील उच्चैन का तहसील में क्रमोन्नयन

मैं आपका ध्यान मेरे विधान सभा क्षेत्र नदबई (भरतपुर) की उप तहसील उच्चैन को तहसील बनाये जाने की ओर दिलाना चाहूंगी।

मैं आपको अवगत कराना चाहूंगी कि भरतपुर जिले की रूपवास तहसील के अन्तर्गत आने वाली उप तहसील उच्चैन करीबन 20 वर्षों से उप तहसील का दर्जा लिये हुए है। यह उप तहसील भरतपुर बयाना राज्य मार्ग के मध्य स्थित है। इसके आसपास के करीब 85 गांव जो अन्य तहसीलों में आते हैं, यह सभी गांव उच्चैन के निकट हैं। इन गांवों के निवासियों ने मुझे अवगत कराया है इनको अपने तहसील संबंधी कार्य के लिए लगभग 35 से 40 कि.मी. दूर जाना पडता है। जिसके कारण ग्रामवासियों को अपना समय, श्रम एवं धन बेवजह व्यय करना पडता है। इसलिए उपरोक्त गांवों के निवासी काफी समय से उप तहसील उच्चैन को तहसील का दर्जा दिलाने की मांग करते आ रहे हैं। इस संबंध में जिला कलक्टर भरतपुर ने अपने पत्र क्रमांक एल.आर./रिकार्ड/08/548 दिनांक 1.10.2008 के द्वारा निबंधक (भू.अ.) राजस्व मण्डल, राजस्थान अजमेर को उप तहसील उच्चैन को तहसील बनाये जाने की अभिशंसा की है।

अतः मेरा निवेदन है कि उपरोक्त तथ्यों को मद्देनजर रखते हुए उप तहसील उच्चैन को तहसील का दर्जा दिलाने की कृपा करें।

कृष्णेन्द्र कौर (दीपा)
(नदबई)

हनुमानगढ़ जिले में भू-माफियाओं की अवैध गतिविधियां

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि-

राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान में भू-माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जाने की नीति बनाई गई है। लिहाजा इन माफिया/भू-माफियाओं व संगठित अपराधियों पर अंकुश एक भारी चुनौती भी है, चूंकि यह अपराधीगण लगातार पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था को स्थानीय स्तर पर प्रभावित कर अपने हित साधते रहतें हैं। इनके ताजा-तरीन उदाहरण विधायक श्री नाथूराम सिनोदिया के पुत्र की हत्या किया जाना और हनुमानगढ़ के भू-माफिया श्री गणेश बंसल और उसके गिरोह के द्वारा अरबों रुपयों की सार्वजनिक सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द किया जाना है और अभी भी इस भू-माफिया और इसके गिरोह के निशाने पर कई सार्वजिनक सम्पत्तियां हैं। इस भू-माफिया के खिलाफ हनुमानगढ़ जिले के विभिन्न थानों में अदालत के निर्देशों से 21 मुकदमे संगीन धाराओं (420, 408, 409, 467, 471, 474, 120बी भा.द.स.) के अन्तर्गत दर्ज हैं और इसके अलावा 10 परिवाद आवश्यक दस्तावेजों के

साथ एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिए एस.एच.ओ. हनुमानगढ़ जंक्शन को प्रस्तुत किये परन्तु इन 10 परिवादों में से एक में भी आज दिनांक तक एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की गयी है, इन 10 परिवादों में 2 महीने पूर्व भ्रष्टाचार निरोधक विभाग, राजस्थान ने पुख्ता परिवाद मानते हुए अवश्य मुकदमे दर्ज किये हैं। इस भू-माफिया के खिलाफ इतने मुकदमे दर्ज होने के बावजूद और गुण्डा एक्ट के तहत भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह अंकित करता है। इस दौरान हनुमानगढ़ में पदस्थापित वर्तमान पुलिस अधीक्षक और पूर्व में पदस्थापित रहे पुलिस अधीक्षकों की भूमिका भी संदेहास्पद ही है। नगर परिषद हनुमानगढ़ ने पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने पर प्रस्ताव पास कर राज्य सरकार से इस भू-माफिया गिरोह के अपराधों की जांच सी.बी.आई. से करवाने की मांग की और हनुमानगढ़ बार संघ ने भी इस भू-माफिया के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के लिये 4 माह की हड़ताल रखी।

इन सभी प्रकरणों की जांच निष्पक्ष, प्रभावी एवं शीघ्र करने हेतु राज्य सरकार की निगरानी में एक विशेष जांच दल गठित किया जावे जो समयबद्ध तीन या छह माह में कार्यवाही सुनिश्चित करे। जिनके प्रभारी अधिकारी उच्च स्तर के हों। इस दौरान इस भू-माफिया से मिले हुए सभी गुर्गों और दोषी पुलिस अधिकारियों व अन्य उच्च अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

डा. (श्रीमती) परम नवदीप सिंह

(संगरिया)

राजसमंद के कांकरोली व राजनगर स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान व वाणिज्य संकाय खोला जाना

मेरे विधान सभा क्षेत्र राजसमंद के कांकरोली एवं राजनगर में स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में वर्तमान में कला संकाय का ही सत्र चालू है। जिससे वहां अध्ययनरत बालिकाएं अपनी रुचि के अनुसार विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विषय में अध्ययन करने से वंचित रह जाती हैं। तथा इन्हें उक्त विषयों को पढ़ने हेतु अन्यत्र विद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ता है। इससे कई छात्राओं की आर्थिक स्थिति खराब होने तथा अतिरिक्त आर्थिक भार के कारण वों अन्यत्र विद्यालयों में भी प्रवेश नही ले पाती हैं। जिससे क्षेत्र की बालिकाओं में काफी रोष व्याप्त है।

अतः बालिकाओं को उच्च शिक्षा एवं उनकी रुचि के अनुसार स्वावलम्बी बनने के लिए उक्त शहरों के विद्यालयों में वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय विषय की स्वीकृति आगामी शैक्षणिक सत्र में ही जारी कर क्षेत्र की बालिकाओं को राहत प्रदान करने का श्रम करें।

किरण माहेश्वरी
(राजसमंद)

काश्तकारों को कीटनाशकों पर सब्सिडी

उपरोक्त विषय के संबंध में, मैं कृषि मंत्रीजी का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा कि प्रदेश में इस वर्ष चने की बम्पर पैदावार हुई है। किन्तु प्राकृतिक आपदाओं के कारण चने की फसल में लटें पड़ने लग गई हैं और फसल नष्ट होने का खतरा व्याप्त हो गया है। ऐसी स्थिति में यदि इसके बचाव हेतु कीटनाशक दवाइयों का उपयोग नहीं किया गया तो प्रदेश के काश्तकारों को काफी नुकसान होने की आंशका है।

मेरे विधान सभा क्षेत्र भादरा में भी चने की बम्पर फसल हुई है और उसमें भी लटें पड़ने लगी हैं। अतः ऐसी स्थिति से बचाव हेतु यदि काश्तकारों को कीटनाशक दवाइयों के लिए राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी राशि उपलब्ध कराई जाती है तो यह व्यापक काश्तकारों और चने की फसलों के हित में होगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि चने की हुई बम्पर फसल में पड़ी लटों से बचाने हेतु काश्तकारों को कीटनाशक दवाइयों में राज्य सरकार से सब्सिडी दिये जाने संबंधी आदेश प्रसारित करा प्रदेश के काश्तकारों को अनुग्रहीत करावें।

जयदीप डूडी
(भादरा)

नवज्योति मनोविकार केन्द्र को निःशुल्क भूमि आबंटन

मैं प्रक्रिया के नियम 295 के अन्तर्गत सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि डिस्पोजल आफ प्रोपर्टी रेग्युलेशन एक्ट 1970 की धारा 34 के अन्तर्गत जो संस्था नि:शुल्क सेवा भाव से कार्य करती है जिसमें विकलांग, मूक बधिर, वृद्धा आश्रम इत्यादि को उक्त एक्ट के तहत उन्हें जमीन मुफ्त में देने का कानूनी प्रावधान है, साथ ही लीज मनी भी माफ की

जाती है। परन्तु जोधपुर शहर में स्थित नवज्योति मनोविकार केन्द्र के भवन की भूमि पर आरम्भिक लीज मनी रुपये 12025 थी जिसे राजस्थान आवासन मण्डल जोधपुर वृत्त प्रथम द्वारा अपने पत्रांक 987 दिनांक 8.7.2009 के तहत इस राशि को बढाकर 24050 रुपये प्रतिवर्ष कर दिया है। जब कि संस्था द्वारा पूर्व में उक्त राशि के लिए माननीय उच्च न्यायालय से स्टे आर्डर भी ले रखा है जो कि आज दिनांक तक प्रभावी है।

अतः राज्य सरकार से मांग करता हूं कि नवज्योति मनोविकार केन्द्र सेक्टर 10 चौपासनी हाउसिंग बोर्ड जो कि एक मंदबुद्धि बच्चों के लिए शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा और उपचार के लिए राजस्थान की ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण देश की एक मानी हुई संस्था है एवं उक्त संस्थान में वर्तमान में करीब 100 बच्चे अध्ययनरत हैं। उक्त संस्था बच्चों के चौमुखी विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील है जिसमें खेलकूद, व्यायाम आदि भी इस संस्था का हिस्सा है। इसी संस्था में अध्ययनरत एक छात्र प्रवीण शर्मा सम्पूर्ण भारत में 10 किलोमीटर साइकिल रेस में प्रथम आया है और अब वह अन्तरराष्ट्रीय स्पेशल ओलम्पिक में जून 2011 में एथेन्स जाने हेतु चयनित हुआ है। अतः मैं माननीय मुख्य मंत्रीजी से अनुरोध करूंगा कि वह राजस्थान में ऐसी जितनी भी संस्थाऐं हैं जिसमें मूक बधिर, मनोविकार, विकलांग, वृद्धाआश्रम चलाती हैं उन्हें निःशुल्क भूमि प्रदान कर लीज से हमेशा के लिए मुक्ति दिलाकर राहत प्रदान करावें।

कैलाश चन्द भंसाली

(जोधपुर)

सिरोही में किसानों की फसलों को सुअरों द्वारा कारित नुकसान

प्रक्रिया तथा कार्य संचालन सम्बन्धी नियमों के नियम 295 के अन्तर्गत मैं निम्नलिखित प्रस्ताव की सूचना देता हूं :-

महोदय, विधान सभा क्षेत्र सिरोही में सुअरों के बढ़ते आतंक से किसानों को खेती करना भारी समस्या के साथ जानलेवा हो रहा है। 2 फरवरी को शिवगंज तहसील के अन्दोर से शिवगंज जावाल सड़क मार्ग पर स्थित सेल्लावा कुए पर मांगीलाल पुत्र भुबाजी कुम्हार के खेत में खड़ी गेहूं, रायड़ा व रिजका की फसल में देर रात काफी सुअरों के झुण्ड ने किसान दम्पत्ति पर हमला कर मांगीलाल के पैर व कमर में पंजे का वार कर चोटिल कर दिया तथा किसी तरह से दम्पत्ति ने अपनी जान बचाई।

महोदय, इससे पहले भी पूरे विधान सभा क्षेत्र में सुअरों द्वारा इस प्रकार की किसानों पर हमले तथा फसल नष्ट करने की कई घटनाऐं हो चुकी हैं। सुअरों के बढते आतंक से कृषकों में भय व्याप्त है तथा इसके कारण काश्तकार वर्ग रात्रिकाल में फसल की सिंचाई-गुडाई करने को लेकर भारी परेशानियों में हैं। मैं काश्तकारों की इस गम्भीर समस्या को आपके ध्यान लाते हुए किसान वर्ग को रियायती दर पर अनुदान देकर तारबंदी योजना कर समस्या के समाधान की मांग करता हूं।

ओटाराम देवासी

(सिरोही)

धानका जाति हेतु पूर्वानुसार अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र बनाया जाना

प्रक्रिया नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख है कि राजस्थान की धानका जाति को भारत के संशोधित राजपत्र संख्या बी.सी./12016/34 दिनांक 05 सितम्बर, 1976 के द्वारा अनुसूचित जनजाति में सम्मिलित किया गया जो राजस्थान में 27 जुलाई, 1977 से प्रभावी हुआ, तभी से धानका जाति के एस.टी. के प्रमाण-पत्र बनते आ रहे हैं, परन्तु 13 जुलाई, 2010 को भारत सरकार के जनजाति मंत्रालय से एक असंवैधानिक व तथ्यहीन पत्र आया, जिसको आधार बनाकर पूरे राजस्थान में धानका जाति को एस.टी. के प्रमाण पत्र बनाना बन्द कर दिया गया है, जिससे राजस्थान भर के धानका जाति के लाखों लोगों का भविष्य अंधकारमय हो गया है, साथ ही ऐसी एकतरफा कार्यवाही से देश की संसद व महामहिम राष्ट्रपतिजी की आज्ञा का भी उल्लंघन हुआ है।

यहां यह भी विशेष उल्लेख करना चाहूंगा कि जिस पत्र को आधार बनाया गया है, वह बिना संवैधानिक प्रक्रिया अपनाये ही जारी कर दिया गया, जबकि बिना किसी विधिक संशोधन किये ऐसे पत्र का कोई महत्व व संवैधानिक औचित्य नहीं है।

अतः अनुरोध करना चाहूंगा कि भारत के राजपत्र अनुसार धानका जाति के अनुसूचित जनजाति में शामिल होते हुए भी एस.टी. के प्रमाण-पत्र बनाये जाने पर लगाई गई अघोषित रोक को तुरन्त प्रभाव से हटाया जाकर राजस्थान प्रदेश के लाखों धानका जाति के लोगों को राहत प्रदान करावें।

सूरजभान धानका

(राजगढ़-लक्ष्मणगढ़)

बड़वास बड़ी ग्राम (कुशलगढ़) में अनुसूचित जाति के छात्रावास का निर्माण नहीं कराया जाना

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि गत दो वर्ष पूर्व में कुशलगढ़ क्षेत्र के ग्राम बड़वास बड़ी में अनुसूचित जाति के छात्रावास निर्माण हेतु बी.आर. जेब योजना द्वारा होस्टल छात्रावास की स्वीकृति जारी की गई है।

यह कि उक्त छात्रावास लम्बे समय से किराये के मकान में चल रहा है। उक्त राशि ग्राम पंचायत के खाते में जमा है। यह कि छात्रावास के लिये बडवास बडी के खातेदार नि:शुल्क जमीन देने के लिये तैयार है।

यह कि छात्रावास के लिये खातेदारों द्वारा तहसील कार्यालय में जमीन संबंधी सारी कार्यवाही कि गई उक्त जमीन सरेन्डर की फाइल जिला कलक्टर बांसवाड़ा भेजी गई परन्तु जिला कलक्टर उक्त जमीन को छात्रावास निर्माण के लिये देने के लिये तैयार नहीं है।

अतः आपके माध्यम से अनुरोध है कि खातेदारों द्वारा जो जमीन नि:शुल्क देना चाहते हैं वह जमीन छात्रावास निर्माण हेतु ली जाकर निर्माण का कार्य चालू कर अनुसूचित जाति के छात्रों को राहत प्रदान कराने की कार्यवाही करने का अनुरोध है।

फतेह सिंह
(कुशलगढ़)

चित्तौड़गढ़ जिले में नियम विरुद्ध जारी लाइम स्टोन के खनन पट्टों की निरस्ती

आपका ध्यान खनिज विभाग चित्तौड़गढ़ के द्वारा राजकीय राजपत्र में प्रकाशित नीति दिनांक 22.04.1994 के विरुद्ध जाकर खनिज पट्टे स्वीकृत करने की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जिसके तहत पांच हैक्टेयर भूमि से कम भूमि का खनन पट्टा जारी नहीं किया जा सकता। समय बीतने के साथ भूमि कम उपलब्ध होने के कारण राज्य सरकार ने दिनांक 5 सितम्बर, 2008 न्यूनतम भूमि सीमा 5 हैक्टयेर से घटाकर 4 हैक्टेयर करने की स्वीकृति निदेशक खनिज को प्रदान की थी। लेकिन निदेशक खनिज विभाग के पत्र क्रमांक निदे./प2/कास/28/86/981 दिनांक 23 सितम्बर, 1997 के द्वारा राजकीय गजट में प्रकाशित अधिसूचना के विरुद्ध 1 से 5 हैक्टयेर तक भूमि का खनन पट्टा स्वीकृत किया जा सकता है, का गलत अर्थ निकालने वाले आशय से अनर्थ ही हुआ है।

चित्तौड़गढ़ जिले में प्रचुर मात्रा में सीमेन्ट ग्रेड लाइम स्टोन उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार ने 48 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को सीमेन्ट ग्रेड लाइम स्टोन हेतु आरक्षित किया हुआ है। लेकिन खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि राजकीय नीति के विरुद्ध नियमों के विपरीत जाकर खनिज अभियंता चित्तौड़गढ़ ने बहुत सारे खनन पट्टे आबंटित किये हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 4 हैक्टेयर से कम है तथा वह भी सीमेन्ट ग्रेड लाइम स्टोन के लिए आरक्षित है। यह सब Lime Stone Burn करने के नाम आबंटित किया जबकि सारा पत्थर सीमेन्ट कारखानों को ही बेचा जा रहा है। रायल्टी भी उसी अनुरूप ली जा रही है, जबकि सरकार को कम रायल्टी जमा की जा रही है। एक पत्थर भी जलाया नहीं गया है। ऐसी स्थिति में कुल 18 खनन पट्टे जो चित्तौड़गढ़ कस्बे के समीप-जिनमें सूरजपोल में 13 लीज, आवलहेडा में 2 लीज तथा भीचोर, भोपालनगर व भैरूसिंह का खेड़ा में एक-एक लीज है, उक्त सभी खनन पट्टे निरस्त करने योग्य हैं।

राज्य सरकार से मांग है कि 4 हैक्टेयर से कम क्षेत्र के सभी खनन पट्टे नियम विरुद्ध होने की स्थिति में निरसत किये जाकर पूरे विषय की जांच करवा कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने का कष्ट करावें। विभाग ने भी इस प्रकार का एक फैसला न्यायालय उपसचिव खान विभाग (ग्रुप-2) में चित्तौड़ के खनिज अभियंता द्वारा बिड़ला सीमेन्ट वर्क्स बनाम खनिज अभियंता चित्तौड़गढ़ के आदेश दिनांक 21.09.07 एवं 20.11.07 के तहत श्रीमती मंजु कंवर पत्नी कानसिंह राठौड़ को जारी कर हैक्टेयर क्षेत्र से स्वीकृति योग्य नहीं मानकर निरस्त किया गया है।

नरपत सिंह राजवी

(विद्याधर नगर)

कड़ाना बांध (डूंगरपुर) की डूब क्षेत्र की जमीन पर काबिज व्यक्तियों को पुनः आबंटन

मैं राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन संबंधी नियम के नियम 295 के अन्तर्गत आपका ध्यान, मेरी विधान सभा क्षेत्र चौरासी, डूंगरपुर में स्थित कड़ाना बांध डूब क्षेत्र में जो लोग विस्थापित हुए थे, उन लोगों को वन क्षेत्र की जमीन का आबंटन किया था। बाद में वन विभाग ने उक्त खाली करवायी भूमि को अलग-अलग छोटे-छोटे टुकड़ों में चक होने कारण लेने से मना कर दिया। हाल ही में प्रशासन गांवों के संग अभियान के

अन्तर्गत पंचायत कुआ जिला डूंगरपुर में आयोजित कैम्प, जिसमें राजस्व विभाग के अन्तर्गत जिन लोगों की कडाणा विस्थापित के समय जो किसान डूब में जा रहे थे, उनको तो अलाट कर दिये थे। उक्त खाली करवायी भूमि पर लगभग 30 वर्ष पूर्व लोगों ने कब्जे कर लिये एवं उन कब्जों की सरकार में समय-समय पर पैनल्टी भी जमा करवाते आ रहे हैं।

अत: मैं क्षेत्र की जनता के जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रक्रिया के नियम 295 के तहत मैं मांग करता हूं कि इन कब्जेधारी लोगों को पुन: जमीन अलाट कर दी जावे।

शंकर लाल अहारी

(चौरासी)

बरोटी व बिछीवाड़ा ग्राम पंचायत (डूंगरपुर) में राष्ट्रीय राजमार्ग के पास अनुसूचित जाति के निर्मित मकानों का नियमन

मैं राजस्थान विधान सभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन संबंधी नियम के नियम 295 के अन्तर्गत आपका ध्यान मेरी विधान सभा क्षेत्र डूंगरपुर के पंचायत समिति बिछीवाड़ा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरोटी व ग्राम पंचायत बिछीवाड़ा के नया गांव है, जो उनके खाते की जमीन रीको ने एक्वायर कर उद्योग लगाये है। वहां के काश्तकारों ने नयागांव व बरोठी में बिना नाम जमीन पर मकान बनाकर खेत कर रहे हैं और वहीं निवास भी करते हैं। उनके नाम आज दिनांक तक जमीन अलाट की गई और न ही रेग्यूराइज की गई और राज्य नेशलन हाइवे 8 के 1 किलोमीटर की दूरी सड़क के दोनों तरफ पर अलाटमेंट पर रोक लगायी है।

मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्रीजी से मांग करता हूं कि जहां एस टी के लोग मकान बनाकर रह रहे हैं, उस जमीन को इनके नाम जमीन अलाट करने या रेग्यूराइज करने की मांग करता हूं।

लालशंकर घाटिया

(डूंगरपुर)

परिशिष्ट-2

मांग संख्या-28 पर कटौती प्रस्ताव

मांग संख्या-28 मुख्य शीर्षक ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रम के अन्तर्गत मांग में से 100 रुपया कम कर दिया जाये।

श्रीमती अनीता सिंह (नगर) :

1. मेवात विकास बोर्ड द्वारा प्रस्तावों का जिला परिषदों में अनुमोदन पर विधायकों को नजरअंदाज करने से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिये।

श्रीमती चन्द्रकान्ता मेघवाल (रामगंजमण्डी) :

2. विधान सभा क्षेत्र रामगंजमण्डी में ग्रामीण विकास के विशेष कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा के लिये।

श्री बाबूसिंह राठौड़ (शेरगढ़) :

3. पंचायत राज संस्थाओं का पुर्नगठन करने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।
4. विधान सभा क्षेत्र शेरगढ़ में ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत करवाये गये कार्यों में सुधार करने के संबंध में चर्चा के लिये।
5. विधान सभा क्षेत्र शेरगढ़ में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष (MLALAD) की राशि को नरेगा राशि डावटेल करने पर चर्चा के लिये।
6. विधान सभा क्षेत्र शेरगढ़ के समुचित ग्रामीण विकास हेतु नवीन ग्राम पंचायतों के गठन की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

श्री मेवाराम जैन (बाड़मेर) :

7. ग्रामीण विकास के पांच विभागों के रिक्त पदों को भरने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

श्री हरिसिंह रावत (भीम) :

8. ग्रामीण क्षेत्रों के बी.पी.एल. परिवारों के लिये इन्दिरा आवासीय योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली राशि को बी.एस.आर. के अनुसार बढ़ाये जाने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

श्री श्रवण कुमार (सूरजगढ़) :

9. विधान सभा क्षेत्र सूरजगढ़ के पंचायत समिति बुहाना में कर्मचारियों के रिक्त पदों को भरने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

श्रीमती किरण माहेश्वरी (राजसमंद) :

10. विधान सभा क्षेत्र राजसमंद में महानरेगा योजना में व्यक्तिगत लाभार्थी के तहत खेतों में चारदीवारी का निर्माण एवं 70 फीट से ज्यादा कुऐं की खुदायी कराने की स्वीकृति देने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

11. विधान सभा क्षेत्र राजसमंद में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 250 की आबादी की सभी सड़कें बनवाने हेतु विभाग द्वारा पहल करने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

श्री बाबूलाल बैरवा (कठूमर) :

12. विधान सभा क्षेत्र कठूमर (अलवर) में विधवा पेंशन चालू करने एवं जिनकी पेंशन रोक रखी है उन्हें वापस पेंशन देने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

13. विधान सभा क्षेत्र कठूमर (अलवर) में 2002 के बी.पी.एल. कार्ड धारकों को 2011 में इंदिरा आवास स्वीकृत करने की आवश्यका पर चर्चा के लिये।

कर्नल सोनाराम चौधरी (बायतू) :

14. बायतू मुख्यालय कस्बे में पानी की निकासी हेतु नालियों एवं खरंजा निर्माण करने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

15. विधान सभा क्षेत्र बायतू में पी.एम.जी.एस.वाई. की सड़कों के मिसिंग लिंग को नरेगा के तहत ग्रेवल सड़कों से जोड़ने हेतु विभाग द्वारा पहल करने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

16. बायतू मुख्यालय पर बस स्टेशन एवं जन सुविधाओं के अभाव से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिये।

17. विधान सभा क्षेत्र बायतू में नरेगा के तहत निजी आवास उपलब्ध करवाने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

18. विधान सभा क्षेत्र बायतू में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष से स्वीकृत कार्यों को समय पर नहीं करवाने से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिये।

श्री रमेश चन्द मीणा (टोडाभीम) :

19. महानरेगा के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों में सीसी टाइल्स को सभी जिलों में लगाने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

श्री पदमाराम (चौहटन) :

20. विधान सभा क्षेत्र चौहटन में महानरेगा योजना में व्यक्तिगत आवास योजना की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

श्री राधेश्याम गंगानगर (श्रीगंगानगर) :

21. ग्रामीण विकास के अन्तर्गत संचालित योजनाओं से, विभाग द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों को लाभान्वित करने के संबंध में चर्चा के लिये।

22. ग्रामीण विकास के अन्तर्गत गांवों में विधायक कोटे को सी.सी. रोड बनाने के कार्य में लेने के संबंध में चर्चा के लिये।

23. ग्रामीण विकास के अन्तर्गत श्रीगंगागनर जिले में बी.ए.डी.पी. के अन्तर्गत सीमा बढाने के संबंध में चर्चा के लिये।

24. बी.पी.एल. परिवारों के लिये अधिक संख्या में इंदिरा आवास योजनान्तर्गत मकान बनाने के संबंध में चर्चा के लिये।

25. ग्रामीण विकास के अन्तर्गत सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान को सुदृढ़ करने के संबंध में चर्चा के लिये।

श्री अमीन खां (शिव) :

26. बाड़मेर जिले के उपखण्ड मुख्यावास रामसर को विकास खण्ड बनाने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

श्री राजेन्द्र राठौड़ (तारानगर) :

27. तारानगर में नरेगा कार्यक्रम के अन्तर्गत सामग्री पेटे राशि लम्बे समय तक बकाया रहने से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिये।

श्री गुलाब चन्द कटारिया (उदयपुर) :

28. पंचायत राज को सशक्त करने के लिये 02 अक्टूबर, 2010 को पांच विभागों का पंचायतों को पूर्ण अधिकारों के साथ देने की राज्य सरकार की घोषणा का अभी तक पूर्ण रूप से पालन नहीं होने से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिये।

29. पंचायत राज से संबंधित महालेखाकार द्वारा दो वर्ष की अंकेक्षण रिपोर्ट सदन के पटल पर रख दी लेकिन उस पर अभी तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिये।

30. सरकार द्वारा 29 विभागों का काम पंचायतों को दिये जाने से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिये।

31. उच्च प्राथमिक विद्यालय स्तर तक के विद्यालयों के लिये कोई विभाग उत्तरदायी नहीं होने से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिये।

32. प्रत्येक पंचायत समिति में विकास अधिकारी सीनियर आर.ए.एस. को नियुक्त करने के संबंध में चर्चा के लिये।

श्री अब्दुल सगीर खां (धौलपुर) :

33. हर ग्राम पंचायत स्तर पर चलचित्र दिखाने के लिये मिनी थियेटर स्थापित करने की आवश्यकता पर चर्चा के लिये।

श्री नन्दलाल मीणा (प्रतापगढ़) :

34. ग्राम पंचायत पीलू पंचायत समिति प्रतापगढ़ के विरुद्ध विभिन्न शिकायतों के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिये।

